"औद्योगिक रेडियोग्राफी में सुरक्षित कार्य अभ्यास तथा आपातकालीन तैयारी"
<u>विषय पर एईआरबी द्वारा विकिरण सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम</u>

AERB विकिरण स्रोतों के उपयोगकर्ताओं के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है ताकि उन्हें नियामक आवश्यकताओं के बारे में जागरूक किया जा सके और संरक्षा संस्कृति विकसित की जा सके। इसी क्रम में 23 मार्च 2021 को AERB द्वारा **"औद्योगिक रेडियोग्राफी में सुरक्षित कार्य अभ्यास तथा आपातकालीन तैयारी"** विषय पर वेबिनार के रूप में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यकम में देश भर से विभिंन्न रेडिओग्राफी संस्थाओं से लगभग १०० प्रतिभगियों ने भाग लिया।

श्री जी. नागेश्वर राव, अध्यक्ष, एईआरबी विकिरण सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम पर बेबीनार के दौरान सम्बोधित करते हुए

AERB द्वारा जागरूकता कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आसान तरीके से पहुँचाया जा सके इसीलिए जागरूकता कार्यक्रम को हिंदी भाषा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात डॉ. पंकज टंडन के स्वागत भाषण द्वारा की गयी। डॉ. टंडन के कार्यक्रम की महत्वत्ता बताते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। वेबिनार का उद्घाटन श्री जी. नागेश्वर राव, अध्यक्ष, एईआरबी द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में अध्यक्ष ने रेडिएशन स्रोतों के उपयोग में सुरक्षा के सर्वोपरि महत्व पर बल दिया। अध्यक्ष द्वारा बताया गया की रेडियोग्राफी स्रोतों के उपयोग, भंडारण, परिवहन और निपटान के दौरान उच्च सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, उपयोगकर्ता को नियामक आवश्यकताओं का पालन करना आवश्यक है। अध्यक्ष द्वारा उद्घाटन के बाद डॉ. आलोक पाण्डेय ने वेबिनार के विषय पर तकनीकी प्रस्तुति की। वेबिनार में औद्योगिक रेडियोग्राफी में विकिरण सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। रेडियोग्राफी कार्य मे संचालन के पहले, संचालन के दौरन तथा संचालन के पश्चात सुरक्षा में बरती जाने वाली सावधानिओं के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त रेडियोग्राफ़ी में किसी भी दुर्घटना की स्थिति के प्रबंधन के लिए रखी जाने वाली आपातकालीन तैयारियों के बारे में भी बताया गया।

***